**Title: Need to ensure procurement of paddy by Government agencies in Chhatisgarh - Laid.**

**श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर):** महोदय, निवेदन है कि छत्तीसगढ़ में इस वर्ा किसानों के धान की फसल अधिक उत्पादन होने से वहां के किसानों द्वारा खुशी हो रही थी। भारत शासन द्वारा धान का समर्थन मूल्य मोटा एवं पतला धान 550 से 620 तक प्रति क्विंटल घोाित किया गया है। सांसदों की मांग केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के किसानों के धान खरीदी हेतु 1500 करोड़ रूपये कर्ज दिलाया, जिससे एफ0सी0आई0 मंडी तथा सहकारी सोसायटी के द्वारा खरीद की जा रही थी। उक्त कर्ज के ब्याज बोरे का खर्च तथा ढुलाई खर्च केन्द्र सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय लिया गया था। अचानक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उक्त संसाधनों से खरीद में 300 करोड़ रूपये घाटा होने का बहाना बनाकर खरीदी बंद करने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों को धान खरीदी नहीं होने से बिचोलिया तथा व्यापारियों के धान के भाव प्रति क्विंटल 400 से 420 क्विंटल तक बेचना पड़ रहा है। उक्त से किसानों को लगभग 500 करोड़ का घाटा उठाना पड़ रहा है। किसान हताश एवं उदास हैं।

भारत सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में जांच कराकर किसानों की समस्या का निराकरण शीघ्र किया जाए।